मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-186
14/04/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना की जंग में जीत हासिल करने वाले 14 लोगों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 14 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना की जंग में जीत हासिल करने वाले 14 लोगों– श्री गौतम, संजिदा बेगम, श्री पप्पू कुमार महतो, मो0 सैयाज आलम, श्री दीपक कुमार, श्री अमित कुमार, स्मिता भदानी, मनु देवी, मो0 आलम परवेज, मो0 कादिर खान, मो0 अहमद अली, मो0 खुर्शीद सिद्दीकी, श्री विजय कुमार केजरीवाल एवं मो0 खुर्शीद मस्तान को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के खिलाफ राज्य सरकार की कोशिशों को इनके ठीक होने से बल मिला है। मुख्यमंत्री ने इन सभी 14 लोगों के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व 15 लोग अर्थात् अब तक 29 लोग कोरोना को हराकर एवं स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं।

******